## सार-समाचार

### ब्लड डोनेशन का प्रस्तावना बैनर जारी

**पाली,** (नि.सं.)। रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के प्रस्तावना बैनर का विमोचन तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा, मंत्री राजेश मरलेचा और लाभार्थी परिवार समदड़िया मातुश्री चेरिटेबल ट्रस्ट , सूर्य ज्योति एप्रैल्स प्रा. लि, के.बी. सिंकोटेक्स प्रा. लि. से अमरचंद गौतमचंद अनिल कुमार समदड़ीया परिवार द्वारा किया गया। 17 सितंबर को होने वाले इस महा अभियान में भारत सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय भी इस आयाम में अपना समर्थन दे रही है ।यह मेगा ब्लड डोनेशन कैंप विश्व का सबसे बड़ा डोनेशन कैंपेन है। पाली तेरापंथ युवक परिषद भी पिछली बार 17 सितंबर 2022 में 874 ब्लड यूनिट का डोनेशन करवा चुकी हे जो पाली में हुए सभी ब्लड कैंप से कही अधिक का अटूट रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। आज पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने बैनर का अनावरण किया तथा तेरापंथ युवक परिषद को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। शानदार तरीके से कार्य करने की अग्रिम बधाई दी। कार्यक्रम में सहयोग देने की भी बात कही । वरिष्ठ सदस्य भंवर लाल नाहटा, सोहन राज बालड, अमर चंद समदडिया, गोतम चन्द समदडिया, निलेश मेहता, प्रदीप चोपड़ा, रणजीत छाजेड़, नितेश समदडिया, मुदित समदडिया अदि कार्यक्रम में शामिल थे।

### चलती कार पर लगी सीमेंट की ईंट

**जोधपुर,** (का.सं.)। शहर के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास में चलती कार पर आकर सीमेंट की ईंट लगने से एक युवती बुरी तरह घायल हो गई। कांच का टुकड़ा लगने से वह जख्मी हो गई। कार में युवती के अलावा चालक ही था। उसके पिता की तरफ से अज्ञात शख्स के खिलाफ ईंट फेंक ने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी गई है। युवती के बयान फिलहाल नहीं हो पाए है। पुलिस मौका तस्दीक कर कार्रवाई में जुटी है। एयरपोर्ट थानाधिकारी रामकृष्ण ताडा ने बताया कि पृथ्वीराज नगर झालामंड निवासी रघुनाथ पुत्र बूटाराम गर्ग ने रिपोर्ट दी है। इनके अनुसार उनकी पुत्री तान्या गर्ग कार चालक के साथ में नायरा पेट्रोल पंप रोड से निकल रही थी। तब चालक सीट के पास वाली जगह पर अचानक से एक सीमेंट की ईंट आकर कार के कांच से टकराई और कांच फू ट गया। जिससे कांच लगने पर तान्या घायल हो गई। सिर में चोट लगने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बयान नहीं हो पाए। थानाधिकारी ताडा ने बताया कि ईंट कै से आकर लगी फिलहाल जांच की जा रही है। उसके बयान से भी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कार में चालक और तान्या ही सवार थे।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया

**जोधपुर,**(कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल के डीजल शेड, भगत की कोठी में शुक्रवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.आर. बुनकर के मार्गदर्शन में कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मनोवैज्ञानिकों ने आत्महत्या रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए।डॉ. आयुष सिंह गेहलोत (डीएमओ) ने मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक से जुड़ी सामाजिक वर्जनाओं एवं कलंक पर प्रकाश डालते हुए पेशेवर सहायता लेने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सुरेन्द्र प्रजापत (एमडी, मनोचिकित्सा) ने आत्महत्या रोकथाम के लिए व्यावहारिक उपाय सुझाए और कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क अच्छी नींद एवं नशामुक्त जीवनशैली से ही विकसित होता है। इसी प्रकार डॉ. कामिनी (मनोवैज्ञानिक) ने तनाव प्रबंधन पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा आत्महत्या रोकथाम हेतु संकल्प के साथ किया गया। संकल्प के शब्द थे: बोलो, मदद लो, आशा फैलाओ – मिलकर हम आत्महत्या रोक सकते हैं। इस अवसर पर रेल कर्मियों न बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम हुआ

**पाली,** (नि.सं.)। महिला अधिकारिता विभाग पाली द्वारा संकल्प एचईडब्ल्यू दस दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विषयों पर महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उपनिदेषक महिला अधिकारिता पाली में आयोजित एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर के साथ सम्पन्न डीएचईडब्ल्यू से जेंडर विशेषज्ञ राजश्री ने अब तक सम्पन्न गतिविधियों एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं व युवतियों से जुड़ने का आ ान किया। राजश्री ने साथिनों को उच्च शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया तथा स्वरोजगार एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना का लाभ लेकर महिलाए स्वय उद्यमी बन सकती है इन माध्यमों से वे आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। इस कार्यक्रम में सुपरवाईजर पिंकी मीणा, इंदुबाला, प्रियंका व्यास सहित 30 साथिन उपस्थित रही।

### राजूराम प्रजापत को कर्म श्री पुरस्कार

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। सर्वोदयी नेता सामाजिक कार्यकर्ता राजूराम प्रजापत को जल बचाओं आन्दोलन के लिये 50 वर्षों से कार्यरत तरूण भारत संघ द्वारा संस्था के 50 वर्ष पूर्ण होने पर ''कर्म श्री'' पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरूस्कार मेग्ससे पुरूस्कार प्राप्त जल पुरूष राजेन्द्र सिंह ने संत विनोबा भावे की 130 जयन्ति के अवसर पर आयोजित एक सभा में प्रदान किया। राजूराम प्रजापत को खादी ग्रामोद्योग, ग्रामदान, नशाबंदी एवं सर्वोदय विचारों के प्रचार प्रसार हेतु जैसलमेर जिले के सैकड़ों गांवों में पदयात्राएं, वाहन यात्राए, सम्मेलन तथा गोष्ठीयों का आयोजन कर महात्मा गांधी के विचारों को समाज में व्यापक रूप में प्रसारित करने के लिए ''कर्म श्री'' पुरूस्कार से सम्मानित किया। प्रजापत राजस्थान प्रदेश सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष व सर्वोदय मंडल, खादी परिषद्, बालविकास मंडल व कई सामाजिक संगठनों में सक्रिय है। इस अवसर पर जल पुरूष राजेन्द्र सिंह गांधीवादी विचारक रमेश शर्मा व राजूराम प्रजापत ने संत विनोबा जी के भूदान–ग्रामदान आन्दोलन के अनुभव ग्रामीणों से साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। ग्राम सेरावा के सांवरासर तालाब पर इस कार्यक्रम में 40 गांवों के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त चतरसिंह जाम ने किया।

### ठेकेदार से कहासुनी के बाद लगाई आग

**जोधपुर,** (कासं)। बनाड़ स्थित रूपनगर डिगाड़ी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर में ठेकेदार ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे खिड़कियां आदि जल गए। साथ ही पड़ौसी की कार के शीशे भी फोड़ दिए। पीड़ित और ठेकेदार के बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी घटना के बाद से फरार है। एएसआई बींजाराम ने बताया कि रूपनगर डिगाड़ी के रहने वाले पन्नाराम पुत्र बाबूराम के घर में यह आग लगाई गई। उसके क्षेत्र में कमठे का कार्य चल रहा था। जहां पर ठेकेदार सौभाग सिंह कार्य कर रहा था। तब इनके बीच में किसी बात को लेकर बोलचाल हो गई। ठेकेदार सौभाग सिंह रात को उसके घर पहुंचा और खिड़कियों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पन्नाराम के पड़ौसी के कार के शीशे फोड़ दिए। एएसआई बींजाराम के अनुसार आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।


### ई-मित्र सेंटरों का निरीक्षण

**भीनमाल,** (निसं)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा के निर्देशन में शु वार को शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित ई–मित्र केंद्रों पर ब्लॉक प्रोग्रामर नरेश नोगिया द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य आमजन को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एवं निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायतों की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान कई ई–मित्र केंद्रों पर अनियमितताएं पाई गईं जिनमें अशोक कुमार ईट्ठमित्र कियोस्क धारक मोदरान द्वारा निर्धारित लोकेशन पर कार्य नहीं करने, छगनलाल बागरी धाणसा को निर्धारित दर से ज्यादा रुपए लेने पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए शास्ति आरोपित की गई। इनके अतिरिक्त ग्राम पंचायत क्षेत्र नरता एवं भीनमाल के शहरी क्षेत्र में भी औचक निरीक्षण कर ईमित्र कियोस्कों को विभागीय नियमानुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

### खेजड़ली मेले में कंठी चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील क्षेत्र में खेजड़ली गांव में 2 सितंबर को भरे गए मेले में एक महिला के गले से कंठी चोरी हो गई। अपने स्तर पर तलाश के बाद कंठी चोर का पता नहीं लगने पर अब लूणी थाने में केस दर्ज करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लूणी पुलिस ने बताया कि गुढ़ाविश्नोईयान निवासी बाबूलाल पुत्र भागीरथ विश्नोई ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 2 सितंबर को उसकी माताजी खेजड़ली मेले में आई थी। तब भीड़ के बीच किसी शख्स ने गले से कंठी चुरा ली।

# मंत्रियों ने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण किया



सुमेपुर में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई पुलिया का केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जालोर के सांसद लुंबाराम चौधरी, सिरोही भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व विधायक तारा भंडारी आदि साथ थे। फोटो–राष्ट्रदूत

**पाली/सुमेरपुर,**(नि.सं.)। सुमेपुर में अतिवृष्टि के कारण गत करीब छह दिन से क्षतिग्रस्त पुलिया का शुक्रवार को स्थानीय विधायक व केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मौके पर पहुंचकर उसका निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को बुलाकर सुरक्षा जांच के बाद दोपहिया व तिपहिया वाहनों का आवागमन तुरंत शुरू कराया।

उन्होंने बताया कि पुलिया से भारी वाहनों की आवाजाही अभी कुछ दिन बाद शुरू हो पाएगी।

इस दौरान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जालोर के सांसद लुंबाराम चौधरी, सिरोही भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, पूर्व विधायक तारा भंडारी, मंडल अध्यक्ष ताराराम कुमावत, मंडल अध्यक्ष पोसालिया प्रताप परमार, महामंत्री बड़गांव हिम्मत दाना, सुमेरपुर के मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, शिवगंज मंडल अध्यक्ष कुंदनमल राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, रमेश बोहरा, सुमेरपुर नगरपालिका के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, पाली भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, सुमेरपुर एसडीएम कालूराम कुम्हार, शिवगंज एसडीएम नीरज मिश्रा, नगरपालिका के पूर्व चैयरमैन राजेंद्र सोलंकी सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे।

बता दें सुमेरपुर-शिवगंज को जोड़ने वाली पुलिया जवाई बांध पर 6 सितंबर को गेट खोलने के बाद पानी के बहाव से पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिया से आवागमन बंद कर दिया था। इसके चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों को मजबूरन हाईवे होकर लंबा और जोखिम भरा सफर तय करना पड़ रहा था।

केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि शिवगंज–सुमेरपुर को जोड़ने वाले इस पुल का पुनःनिर्माण किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष–2024–25 के बजट में पुल निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए की घोषणा की थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने संशोधित प्रस्ताव बनाया जिसके बाद 25.66 करोड़ रुपए की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) बारिश का सीजन खत्म होने के बाद पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास कर शुरू कराया जाएगा।

# अंतरिम भरण पोषण की मांग वाली याचिका खारिज

**जोधपुर,** (कासं)।जोधपुर की फैमिली कोर्ट ने एक महिला की दो नाबालिग बच्चों के अंतरिम भरण पोषण की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। पारिवारिक न्यायालय संख्या–1 के जस्टिस सतीशचन्द्र गोदारा ने यह फैसला इस आधार पर सुनाया कि पहले से ही घरेलू हिंसा के मामले में याचिकाकर्ता को सात हजार रुपए हर महीने भरणपोषण भत्ता मिल रहा है।

मामला जोधपुर के मसूरिया निवासी संगीता प्रजापत की याचिका का है। उसने अपने पति जगदीश प्रजापत से भरण पोषण दिलाने की मांग करते हुए कोर्ट में गत 27 जुलाई 2023 को प्रार्थना पत्र दायर किया था।

संगीता का दावा था कि जगदीश से उसकी शादी 19 अक्टूबर 2013 को हिन्दू रीति–रिवाज के अनुसार हुई थी। दो बेटे हैं।

संगीता ने अदालत में बताया– उसके पति जगदीश भवन निर्माण का ठेका लेते हैं। चार से छह महीने घर से बाहर रहते हैं। आरोप लगाया कि जगदीश कई दूसरी महिलाओं से अवैध संबंध रखते हैं।

संगीता के अनुसार, 22 मई 2023 को जगदीश ने उन्हें मारपीट कर दोनों बच्चों सहित घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह अपने पीहर में रह रही है। संगीता ने दावा किया कि जगदीश की मासिक आय 30–35 हजार रुपए है। इसलिए उसे व दोनों बच्चों के लिए 18 हजार रुपए प्रति माह भरण पोषण दिलाया जाए। साथ ही यह भी बताया कि वो पहले एक कंपनी में काम करती थीं, लेकिन 1 जनवरी 2024 से बेरोजगार है।

एडवोकेट हेमंत बावेजा ने बताया– कोर्ट में जगदीश प्रजापत ने अपने जवाब में खुद की संगीता से शादी और बच्चों के जन्म को स्वीकार किया, लेकिन अन्य आरोपों से इनकार किया। उसका कहना था कि वह एक मजदूर है। पिछले 9 महीने से झालामंड स्थित एक कंपनी में काम कर रहा है। उसे दैनिक मजदूरी 500 रुपए है और महीने में औसतन 20–25 दिन ही काम मिलता है। इससे उनकी मासिक आय सिर्फ 10 हजार रुपए है।

जगदीश ने यह भी तर्क दिया कि संगीता खुद एक मॉल में नौकरी करके 15 हजार रुपए महीना कमा रही है। साथ ही जगदीश ने किसी अन्य महिला से संबंध नहीं होने की बात कहते हुए बताया कि उसने संगीता को घर से नहीं निकाला है।

मामले में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह निकला कि अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट संख्या–4 जोधपुर की कोर्ट में घरेलू हिंसा मामले में 9 जुलाई 2024 को पहले से ही भरण पोषण का आदेश पारित हो चुका है। इस आदेश में संगीता को 3000 रुपए और दोनों बच्चों को 2–2 हजार रुपए यानी कुल 7000 रुपए प्रतिमाह का भत्ता निर्धारित किया गया था।

न्यायाधीश सतीश चन्द्र गोदारा ने राजस्थान उच्च न्यायालय के ज्योति उर्फ रश्मि बनाम राजस्थान राज्य का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि यदि किसी सक्षम न्यायालय द्वारा भरण पोषण का आदेश पहले से पारित है तो अन्य कोर्ट को अतिरिक्त भरण पोषण आदेश पारित करने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने माना कि संगीता और उनके दोनों नाबालिग पुत्रों को पहले से ही सक्षम न्यायालय द्वारा 7 हजार रुपए मासिक भरण पोषण आदेशित है। इसलिए वे इस मामले में किसी अतिरिक्त भरण पोषण की अधिकारी नहीं है।

इसके साथ ही कोर्ट ने संगीता की अंतरिम भरण पोषण याचिका को अस्वीकार कर खारिज कर दिया।

## विद्युत समस्याओं से लोग परेशान

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर में एफआरटी की कार्यशैली उपभोक्ताओं पर भारी पड रही है। पूरे शहर की जिम्मेदारी एक गाडी के भरोसे होने से लोगों की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रही है।

जालोर शहर में दो गाड़ियों लगी हुई है जबकि शहर में अधिकतर एक गाडी से कार्य किया जा रहा है जिससें समय पर लोगों की समस्या हल नही हो रही है जिससें लोगों में रोष व्याप्त है। जालोर शहर के लाल पोल, बडी पोल, वाडिया, राजेन्द्र नगर के लोगों ने बताया कि विद्युत नहीं आने की सूचना एफआरटी को देने पर समय पर नही आते है कई बार तो फोन भी रिसीव नही करते है जिससें इस गर्मी में अधेरे में रात गुजारनी पड रही है।

जालोर शहर के एईएन कार्यालय के पास हेल्प डेस्क खोल कर रखी है जबकि 10 बजे से 05 बजे बंद हो जाता है जिससे उपभोक्ताओं को परेशान होना पड रहा है जबकि हेल्प डेस्क 24 घंटे खुली रहनी चाहिए।

लोगों ने बताया कि कई बार टोल फ्री नम्बर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाते है लेकिन एफआरटी की टीम कि ओर से कोई जवाब नही मिलता है। ज्यादा कॉल करने पर पैसे की डिमांड करते है। बारिश के समय में लोगो ने बताया कि तीस सौ से पांच सौ रुपये देकर कार्य करवाया है।

एफआरटी टीम के सूपरवाईजर ईश्वरसिंह ने बताया कि शहर में दो गाडिया लगी हुई है तीस कार्मिक कार्यरत है लोगो की शिकायत आई है जिसका निवारण शीघ्र कर रहे है। रही बात पैसे की तो कोई प्राईवेट व्यक्ति लोगो से पैसे वसूल कर रहा है।

# 'अवैध नल कनेक्शन विच्छेद करें'

**जालोर,** (नि.सं.)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 39वीं बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

कलैक्टर ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट का रिव्यू कर नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को लक्ष्यानुसार मासिक नल कनेक्शन जोड़ने तथा पीएचईडी परियोजना के अधिशासी अभियंताओं व सहायक अभियंताओं को एक माह के विशेष अभियान में अवैध नल कनेक्शन विच्छेद करने के निर्देश दिए। चौधरी को एफआर व ईआर प्रोजेक्ट के पाईपलाईन संबंधित बकाया कार्यो को शीघ्र पूरा करने के लिए संवेदकों से टीमें बढ़ाने पर जोर दिया। ईआर प्रोजेक्ट के संवेदक की प्रगति समीक्षा करते हुए रामसीन में बन रहे पम्पहाउस निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कर दो माह में संबंधित गांवों में 15 हजार नल कनेक्शन जोडने के निर्देश दिए। विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं रानीवाडा ब्लॉक में ईआर प्रोजेक्ट में पेडिंग नल कनेक्शन जोड़ने के लिए पीएचईडी परियोजना विभाग को निर्देशित किया तथा ग्राम पंचायतों में नवीन एफटीके किटों के वितरण के लिए आईएसए एजेन्सी के सहयोग से वितरित करने की बात कही। डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव व पीएचईडी जालोर के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने पूर्व बैङ्क की पालना रिपोर्ट व जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में माध्यम से बताया कि डीआर, ईआर, एफआर, सीलूजैसला भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिलें के 793 गांवों के घरो में कुल 317283 नल कनेक्शन दिए जाने प्रस्तावित है।

## चोरियां हुई

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पूर्व एवं पश्चिम में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन किसी ना किसी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात हो रही है, मगर पुलिस नकबजनों तक अपनी पहुंच नहीं बना पा रही है। कमिश्नरेट के करवड़, प्रतापनगर सदर एवं भगत की कोठी थाना क्षेत्रों चोरी की घटनाएं पिछले 24 घंटों में हुई है।

# अमेजोन इंडिया व कूरियर कम्पनियों को सेवा में त्रुटि का दोषी माना

**जालोर,** (कासं)। जालोर के एक उपभोक्ता द्वारा ऑन लॉइन आर्डर से मंगवाए गए मोबाइल के स्थान पर कूरियर पैकेट में एसेसरीज निकल गई। कंपनी ने सुनवाई नहीं की तो परेशान उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली। जिला उपभोक्ता आयोग जालोर के अध्यक्ष घनश्याम यादव ने ना केवल अमेजोन कंपनी एवं कुरियर सर्विस की कंपनियों को सेवा में त्रुटि का दोषी मानते हुए भारी जुर्माना लगाया, बल्कि उपभोक्ताओं के साथ भविष्य में अनुचित व्यवहार नहीं करने की हिदायत भी दे डाली।

परिवादी खेताराम पुत्र शान्तिलाल, जीनगर, निवासी जालोर, जिला जालोर ने परिवाद पेश कर बताया कि परिवादी ने 15 अक्टूबर 2018 को अपने मोबाईल से अमेजोन इडिंया की ऑनलाईन एप्प वेबसाईट पर रेड–मी कम्पनी का एक स्क्रीन टच मोबाईल, मॉडल ,एमआई, 2 ब्लेक, (4जीबी रेम, 64 जीबी रोम ) का मंगवाने का आर्डर किया, जिसके लिए परिवादी ने अपने पिता के खाते के खाते के डेबिट कार्ड से अमेजोन इंडिया कंपनी को 13,499 रुपये अदा किए। कंपनी से मैसेज आया कि आपका 15 अक्टूबर का आर्डर बुक कर लिया है जो आपको 21 अक्टूबर तक मिल जाएगा। परिवादी ने 21 अक्टूबर को अमेजोन की ऑनलाईन वेबसाईट पर जाकर चैक किया, तो आर्डर किये माल की डिलेवरी होना बताया, जबकि मोबाइल मोबाइल मिला ही नहीं था। तब 23 अक्टूबर को परिवादी ने गति किण्टेत्सु एक्सप्रेस प्राइवेट लि. के भीनमाल स्थित ऑफिस जाकर पूछा तो बताया कि तुम्हारा मोबाईल आया हुआ पडा है, तो परिवादी ने अपना मोबाईल पैकेट लिया, तो वह वह पैकेट डेमेज था। जिस पर भीनमाल स्थित ऑफिस के कार्मिक ने बताया कि बहुत सारा माल एक साथ ट्रक में आता है, इसलिए डेमेज हो जाता है तब परिवादी ने उसके आफिस में ही उस केरियर पैकेट को खोला, तो उस पैकेट में ऑर्डर किए मोबाइल के स्थान पर एसेसरीज थी। इस पर अप्रार्थी संख्या एक ने कहा कि हम इसमें कुछ नहीं कर सकते, आपको शिकायत अमेजोन कंपनी में ही करनी होगी। हमारे पास तो यह माल दर्शिता आशियाना प्राइवेट लि. एवं गति किण्टेत्सु हैदराबाद से आता है। हमे जो कैरियर भेजा है, वो केवल उपभोक्ता को डिलेवरी करनी होती है। परिवादी ने अमेजोन इंडिया पर कम्पलेन दर्ज करवाई, लेकिन कोई निस्तारण नहीं हुआ। परिवादी ने साक्ष्य शपथ पत्र पेश किया तथा दस्तावेजों की प्रतिया पेश की। अप्रार्थीगण की ओर से जवाब प्रस्तुत किया। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं सदस्य निरंजन शर्मा ने पत्रावली पर आए तथ्यों एवं साक्ष्य के आधार पर गति किटेत्सु एक्सप्रेस प्राईवेट लि, जालोर, अमेजॉन इंडिया बैंगलोर, दर्शिता आशियाना प्राइवेट लि. कटाना साहिब एवं गति किटेत्सु एक्सप्रेस प्राईवेट लि. हैदराबाद को सेवा में त्रुटि का दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध परिवाद स्वीकार किया तथा अमेजन व गति को पृथक पृथक एवं संयुक्त रुप से जिम्मेदार मानते हुए 45 दिन के भीतर–भीतर परिवादी खेताराम को मोबाइल के लिए जमा करवाई 13,499 रुपये अदा करने एवं परिवाद प्रस्तुत करने की तारीख से तावसूली तक 9 प्रतिशत ब्याज प्रतिवर्ष अदा करने का आदेश दिया। साथ ही अप्रार्थीगण को आदेश दिया कि परिवादी को मानसिक हर्जाने के 10,000 रुपये और परिवाद व्यय के 7,000 रुपये कुल 17 हजार रुपये भी 45 दिन में परिवादी खेताराम को देवे। साथ ही अप्रार्थीगण को हिदायत भी दी कि वे भविष्य में वादों का अनुचित व्यापार व्यवहार नहीं करे एवं उपभोक्ता कल्याण कोष में भी 30 हजार रुपये अलग से जमा कराने का आदेश दिया।

## सार-समाचार

### जालोर जिले में 9 बैंचें गठित

**जालोर,** (का.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में शनिवार को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत होगी। इसमें न्यायिक न्यायालयों, उपभोक्ता प्रतितोष आयोग में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुकाओं के प्री लिटिगेशन के प्रकरण, राजस्व न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत को लेकर जिले में 9 बैंचेज का गठन किया। लोक अदालत के दौरान पक्षकारों के आपसी राजीनामे से प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत को लेकर जिला मुख्यालय पर जिला न्यायाधीश हारून की अध्यक्षता, एसीजेएम संख्या 02 अंकित दवे, प्री लिटिगेशन के प्रकरणों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद की अध्यक्षता में बैंचेज का गठन किया। आहोर में जेएम सुधीर चौहान की अध्यक्षता में, भीनमाल में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजेंद्र साहू, एसीजेएम महेंद्र टांक की अध्यक्षता में बैंचेज बनाई है। इसी प्रकार सांचौर में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रामदेव सांदू व एसीजेएम भीमसिंह मीणा की अध्यक्षता और रानीवाड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट मदनसिंह चौधरी की अध्यक्षता में बैंचेज बनाई है। जिन बैंचेज में राजस्व न्यायालयों के प्रकरण शामिल है उनमें उपखंड अधिकारी जालोर मनोज, आहोर उपखंड अधिकारी सांवरमल रेगर, भीनमाल उपखंड अधिकारी मोहित कसानिया, सांचौर उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार व रानीवाड़ा में उपखंड अधिकारी सुनिल कुमार को सदस्य नियुक्त किया है।

### गुरू वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम हुआ

**भीनमाल,** (निसं)। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा ने शुक्रवार को चाणक्य विद्या पीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय रबारियों की ढाणी में गरिमामय एवं प्रेरणादायी गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया। परिषद के पदाधिकारी, सदस्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। शुभारंभ सरस्वती माँ, भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित एवं वन्देमातरम के साथ हुआ। इसके पश्चात शाखा सचिव परसराम कंसारा ने उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय करवाया भारत विकास परिषद प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी डॉ. प्रेमराज परमार ने परिषद की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। प्रमुख वक्ता कन्हैयालाल खण्डेलवाल ने आज के समय में गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन प्राचीन काल से चली आ रही गुरु–शिष्य परम्परा को सुदृढ करने और विद्यार्थियों में संस्कारों का संचार करने का माध्यम है। इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2024–25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 14 विद्यार्थियों को पारितोषिक एवं 23 अध्यापकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष अमृतलाल प्रजापत ने भी विद्यालय परिवार, आचार्यों , विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शाखा सचिव परसराम द्वारा किया गया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार शर्मा, नरपत सिंह राव, विद्यालय संचालक सांवल सिंह लोल, प्राचार्य गोपीलाल गौड सहित बडी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन

**जालोर,** (कासं)। ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जबर सिंह देवडा ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धवला एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुजान नाडी लेटा का आकस्मिक अवलोकन किया। देवडा ने अवलोकन के दौरान विद्यालयों की शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन कर शैक्षिक स्टाफ को आवश्यक संबलन प्रदान किया गया। उन्होंने प्रखर 2.0 पठन कौशल अवधारणा का क्रियान्वयन ,विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की निगरानी, मूल्यांकन व्यवस्था एवं शैक्षिक स्तर जांच, मध्यान्ह भोजन, पेयजल सुविधा, विद्यालय भवन स्थिति, पौधारोपण एवं हरित वातावरण के प्रयास, शाला दर्पण पर नियमित प्रविष्टियां, राजकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक संबलन प्रदान किया गया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय स्टॉफ को सरकारी योजनाओं ओर नवाचारों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को संकल्पबद्ध होकर कार्य करना होगा।

### गुड़ामालानी में अवैध शराब नष्ट करवाई

**गुड़ामालानी,** (निसं)। गुड़ामालानी पुलिस थाना परिसर में आबकारी विभाग एवं पुलिस के द्वारा कार्यवाही के दौरान पकडी गई अवैध शराब को नष्ट करने को लेकर बडी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब को नष्ट किया गया। अवैध शराब नष्ट करने करने के दौरान अतिरिक्त आयुक्त आबकारी विभाग अधिकारी सीमा काविया, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश गहलोत, सहायक आबकारी अधिकारी हिमांशु चारण, रविन्द्र प्रताप सिंह, निरीक्षक आबकारी अधिकारी राणू सिह,ओमाराम,पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई, थाना प्रभारी देवीचंद ढाका सहित पुलिस जाब्ता मौके पर उपस्थित रहा। सीआई देवीचंद ढाका ने बताया कि गुडामालानी थाने में जब्त की गई अवैध शराब की अलग–अलग किस्में शामिल थीं। जो बिना वैध अनुमति के तैयार की जा रही थीं या बेची जा रही थीं। जिसको आबकारी विभाग एवं पुलिस द्वारा अलग–अलग स्थानों पर कार्यवाही के दौरान जब्त की थी । शराब के कार्टुनो को खुले मैदान में एकत्र किया गया और उसके बाद बुलडोजर की मदद से कुचलकर नष्ट कर दिया गया। वही अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के साथ कार्यवाही को अंजाम दिया । 15 हजार कार्टर्नां में बंद शराब की बोतलों को नष्ट किया गया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के समारोह में हादसा

**पोकरण,** (निसं)। आशापुरा रोड स्थित मैदान में आयोजित स्थानीय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के दौरान शुक्रवार को बडा हादसा हो गया। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार मनोहर जोशी उद्घाटन शॉट के दौरान उछली गेंद लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अतिथियों द्वारा पहली गेंद पर शॉट मारे जाने के दौरान तेज गति से आई गेंद जोशी की आंख पर जा लगी, जिससे वे मौके पर ही घायल हो गए। उन्हें तत्काल पोकरण अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जोधपुर रेफर किया गया। जोधपुर में उपचार के बाद जोशी पुनः पोकरण लौट आए। हादसे से कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों में अफरा–तफरी का माहौल हो गया। आयोजकों ने बताया कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, फिलहाल जोशी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाया

**जोधपुर,** (का.सं.)। भारतीय राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति विरासत न्यास 'इंटैक' द्वारा आयोजित ''इंटैक नेशनल हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता 2025'' के पहले चरण में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 07 विद्यालयों के 97 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के धैर्य माहेश्वरी व मुकुट भाटी प्रथम स्थान प्राप्त कर जोधपुर चैप्टर के विजेता बने। दिल्ली पब्लिक स्कूल के हितेन चौधरी व जतिन बजाज द्वितीय व लक्ष्य अग्रवाल व सोहम बोहरा तृतीय रहे।

### रोड का कार्य शुरु करने की मांग

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के आई टी आई से धरडा पावटी सडक का कार्य कई वर्षो से बंद होने से जगह जगह खडडे पडे हुए है।उक्त मार्ग का कार्य पुन शुरु करने की मांग को लेकर पीडब्लयूडी के एसई को किसानो ने ज्ञापन सौपा। इस सम्बंध में मौखिक रूप से दो बार अवगत करा दिया। लेकिन मौके पर कार्य नहीं हुआ। ज्ञापन में जल्द से जल्द गडडे भरने व उसके बाद नवीनीकरण सडक का कार्य भी चालू करने की मांग की गई। ज्ञापन देने जोगाराम माली,जबराराम माली सहित कई लोग मौजूद थे।


**कार्यालय नगरपालिका, सांचौर जिला–जालौर (राज.)**
(टेलिफोन नम्बर–02979–283280 व ई–मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक/न.पं.सां./ई–निविदा/2025/3764 दिनांक :– 10.09.2025

**–::ई निविदा सूचना 2025–26**

नगर पालिका सांचौर निविदा क्रमांक 436 दिनांक 21.07.2025 द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण जरीये यूबीएन नं. से वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 1 कार्य |
| निविदा प्रपत्र जमा करवाने की तिथि | दिनांक 15.09.2025 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 15.09.2025 शाय 4.00 बजे से |
| UBN NO. | |
| DLB2526WSRC17293 | |

राज.संवाद/सी/25/9866 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांचौर